हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024





# विजयादशमी
## की हार्दिक शुभकामनाएं...

अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय
बुरे पर अच्छे की जय जयकर, यही है दशहरे का त्यौहार




विजयादशमी या दशहरा के दिन श्रीराम, मां दुर्गा, श्री गणेश और हनुमान जी की अराधना करके परिवार के मंगल की कामना की जाती है। मान्यता है कि दशहरा के दिन रामायण पाठ, सुंदरकांड, श्रीराम रक्षा स्त्रोत करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

दशहरा या विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक तिथि मानी जाती है। इसलिए इस दिन सभी शुभ कार्य फलकारी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, दशहरा के दिन बच्चों का अक्षर लेखन, घर या दुकान का निर्माण, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, अन्नप्राशन, कर्ण छेदन, यज्ञोपवीत संस्कार और भूमि पूजन आदि कार्य शुभ माने गए हैं। विजयादशमी के दिन विवाह संस्कार को निषेध माना गया है।

विजयादशमी पर शस्त्र पूजा का मुहूर्त और नीलकंठ दर्शन का महत्व - दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था। रावण के बढ़ते अत्याचार और अंहकार के कारण भगवान विष्णु ने राम के रूप में अवतार लिया और रावण का वध कर पृथ्वी को रावण के अत्याचारों से मुक्त कराया। रावण पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में दशहरा का पर्व मनाया जाता है इस पर्व को विजय दशमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार भी किया था।

**दशहरा पूजा का महत्व –** दशहरा के दिन मां दुर्गा और भगवान राम की पूजा की जाती है। मां दुर्गा जहां शक्ति की प्रतीक हैं वहीं भगवान राम मर्यादा, धर्म और आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। जीवन में शक्ति, मर्यादा, धर्म और आदर्श का विशेष महत्व है, जिस व्यक्ति के भीतर ये गुण हैं वह सफलता को प्राप्त करता है।


**विजय का सूचक है पान –** दशहरा के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद दहन के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की ख़ुशी को व्यक्त करता है। इस दिन हनुमानजी को मीठी बूंदी का भोग लगाने बाद उन्हें पान अर्पित करके उनका आशीर्वाद लेने का महत्त्व है।

**नीलकंठ के दर्शन है शुभ –** लंकापति रावण पर विजय पाने की कामना से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए थे। नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना करने से जीवन में भाग्योदय, धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

























हरिभूमि रायपुर भूमि




## 200 रुपए में 10 सिर...

रायपुर। दशहरे के एक दिन पहले रावण के सिर की मांग मार्केट में बढ़ गई। दरअसल, अब छोटी कॉलोनियों और सोसायटियों में भी रावण दहन का चलन बढ़ गया है। मोहल्लों में छोटे बच्चे ही पुतला दहन करते हैं। ऐसे में उनके लिए मार्केट में सिर्फ रावण के सिर आए हुए हैं। शेष शरीर का निर्माण बच्चों की टोली खुद ही करती है। सबसे कम कीमत वाला सिर 200 रुपए तक का रहा। इसे पुट्ठे की मदद से बनाया गया। बांस टाल के व्यापारियों के अनुसार, सर्वाधिक बिक्री इसकी ही हुई। इसके अलावा ढांचों का इस्तेमाल करके बड़े सिर ऑर्डर पर बनाए गए। इनकी कीमतें अधिक रहीं। वहीं दूसरी ओर, दशहरे में एक वर्ग द्वारा पतंगबाजी भी की जाती है। उनके लिए खास तौर पर पतंग बाजार सजा रहा। पतंग थीम बेस्ड ना होकर कार्टून करैक्टर पर आधारित नजर आए।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### खबर संक्षेप

### मानसून की विदाई पेंड्रा से प्रारंभ, जल्द ही पूरे प्रदेश से वापसी संभव

रायपुर। प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई प्रारंभ हो चुकी है। शुक्रवार को पेंड्रा से इसके लौटने की घोषणा कर दी गई है और आने वाले तीन-चार दिनों में इसे प्रदेश से विदा कर दिया जाएगा। स्थानीय प्रभाव यानी वातावरण में मौजूद नमी से बनने वाले बादल कई इलाकों में खंड वर्षा के रूप में बरस रहे हैं, मगर इसका असर व्यापक नहीं हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में मानसून की गतिविधि काफी समय पहले समाप्त हो चुकी थी और यहां व्यापक वर्षा का दौर थम चुका था। स्थानीय प्रभाव अथवा बंगाल की खाड़ी में होने वाले किसी तरह के हलचल की वजह से बारिश हो रही थी। पिछले तीन चार दिन से रायपुर में ही खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इस बीच मौसम विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश से मानसून के वापसी प्रारंभ होने की घोषणा कर दी है।

### ठगी का आरोपी नासिक से गिरफ्तार

रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने एक ठगबाज को नासिक जाकर गिरफ्तार किया है। प्रार्थी राजू नायडू निवासी फाफाडीह ने रायपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने नासिक के सपल एग्रोटेक



प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर केशव चौहान निवासी हीरापुर दरसवाड़ी थाना वाडनेर को 5 लाख रुपए की उर्वरक सप्लाई का आर्डर दिया था। इसके एवज में उसने 5 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान भी किए थे, लेकिन एक साल बाद भी कंपनी द्वारा न ही उर्वरक की सप्लाई की गई है और न ही राशि लौटाई गई। इस मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस की टीम को नासिक भेजा था, जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया है।

कार्डधारियों को नहीं दिया राशन, बाजार में बेच दिया था

# चावल-शक्कर और नमक घोटाले में दो साल बाद राशन दुकान संचालक पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

खाद्य विभाग ने एक सरकारी राशन दुकान संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। संचालक ने दो साल पहले कार्ड धारकों के लिए आबंटित किए गए हजारों क्विंटल चावल, करीब साढ़े 8 क्विंटल शक्कर और 13 क्विंटल से अधिक नमक को हितग्राहियों को नहीं वितरित कर उसे बाजार में खपा दिया था। इस मामले में पूर्व में जांच भी हो चुकी है, जिसमें संचालक को दोषी पाया गया था। इस जांच के बाद संचालक को अपनी गलती सुधारने का मौका देते हुए गड़बड़ किए गए खाद्यान्न या उसके मूल्य के अनुरूप राशि लौटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बाद भी संचालक ने न ही खाद्यान्न लौटाया और न ▶▶|शेष पेज 15 पर

### गबन कर संचालित करने का आरोप

विभागीय अधिकारियों ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया है कि जय हिंद भंडार संस्था के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा थे, जिनकी मृत्यु के बाद से राकेश मिश्रा दुकान को अवैध रूप से संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नान से पता चला कि खाद्यान्न के लिए मांग पत्र राकेश मिश्रा ▶▶|शेष पेज 15 पर


कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने एफआईआर दर्ज कराने जारी किया आदेश

दुकान में चावल-शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज, नोटिस के बाद भी भरपाई नहीं की, 6 संचालकों पर होगी एफआईआर

### इस धारा के तहत अपराध दर्ज

पुलिस ने इस मालमे में आरोपी संचालक राकेश शर्मा एवं विक्रेता फरजाना खान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत धारा 3/7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### खाद्यान्न नहीं लौटाएंगे तो एफआईआर कराएंगे

राजातालाब राशन दुकान के खिलाफ एफआईआर कराई गई है। गड़बड़ी करने के बाद भी खाद्यान्न नहीं लौटाने वाले शेष संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर कराएंगे। - **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक, रायपुर

### इन दुकान संचालकों पर होगी एफआईआर

राशन दुकानों में खाद्यान्न की गड़बड़ी करने के मामले में विभाग ने 6 दुकान संचालकों पर एफआईआर कराने की तैयारी की थी। इसमें आईडी 441001080 के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा लिया है, वहीं आगामी दिनों में अब ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 एवं ग्राम पंचायत मांठ तिल्दा आईडी 442004042 के संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराए जाने की संभावना है। इन दुकानों के संचालकों द्वारा भी नोटिस के बाद अब तक गायब खाद्यान्न की भरपाई नहीं की है।

## सिलेबस अपलोड नहीं कर सका रविवि, इसलिए बढ़ा दिया पीएचडी के लिए आवेदन का समय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की दी है। अब छात्र पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवि द्वारा तारीखों में वृद्धि तैयारी पूर्ण नहीं हो पाने के कारण की गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के लिए सिलबेस विवि द्वारा अपलोड करना होता है। इसके आधार पर परीक्षार्थी द्वारा तैयारी करते ▶▶|शेष पेज 15 पर

- पहले 14 अक्टूबर तक मंगाए गए थे आवेदन, अब 28 तक का समय

### बदला गया है पैटर्न

रविवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव कर दिया है। इस बार पैटर्न बदलते हुए लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी अभ्यर्थियों को देने होंगे। अब तक लिखित परीक्षा के आधार पर ही छात्रों के परिणाम घोषित कर दिए जाते रहते थे, लेकिन अब इंटरव्यू के अंक भी जुड़ेंगे। दोनों परीक्षाओं के अंक जोड़कर अंतिम ▶▶|शेष पेज 15 पर

### डीएलएड की समय-सारिणी घोषित

इधर डीएलएड की पूरक और अवसर परीक्षा के लिए समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। ये परीक्षा 18 नवंबर से प्रारंभ होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर टाइम-टेबल अपलोड कर दिया है। परीक्षा संबंधित अन्य जानकारियां भी माशिम ने अपनी वेबसाइट में साझा की है।

# छह साल पुराना सपना अब तक नहीं हुआ पूरा, माता कौशल्या विहार में बुक कराए गए 1698 फ्लैट्स अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कमल विहार का नाम बदलकर माता कौशल्या विहार कर दिया गया, लेकिन इस विहार में 6 साल पहले खुद का मकान लेने का सपना देखने और बुकिंग कराने वालों की आस अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इसकी वजह आरडीए है, जिसने लोगों को न्यूनतम दर पर खुद का मकान देने का सपना दिखाते हुए उनसे रकम तो ले ली, पर अब तक उनके सपनों को पूरा नहीं कर पाया है। माता कौशल्या विहार में अभी भी 1698 फ्लैट्स का निर्माण अधूरा पड़ा है, वहीं चार हजार ज्यादा फ्लैट्स की फिनिशिंग तो हो चुकी हैं, लेकिन इसका कब्जा देने में अभी भी ढिलाई बरती जा रही है। ▶▶|शेष पेज 15 पर

### हितग्राहियों से रकम ले ली, पर अब तक नहीं दिए मकान



- देर से किस्त भरने पर आरडीए वसूलता है जुर्माना

### दे रहे पजेशन

पूर्ण हो चुके मकानों का पजेशन देने का काम शुरू हो चुका हैं, जो मकान अधूरे हैं, उनके लिए दोबारा टेंडर निकाला गया है। टेंडर खुलने के बाद उन मकानों का निर्माण भी जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा। - **प्रतीक जैन,** सीईओ, आरडीए रायपुर

### 3 वर्ष में देना था पजेशन

आरडीए ने किराएदारों को खुद का न्यूनतम दर पर मकान दिलाने के लिए वर्ष 2018 में योजना लांच की थी। इस योजना के तहत माता कौशल्या विहार में 2बीएचके, 3बीएचके, एलआईजी के 6082 फ्लैट्स का निर्माण किया जाना था। इस योजना के तहत लोगों ने मकानों की बुकिंग भी वर्ष 2018 में ही कराई थी। आरडीए की इस योजना के तहत मकानों को 3 साल में तैयार कराकर बुकिंग कराने वालों को इसका पजेशन देना था, लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी अब तक 4 हजार से ज्यादा लोगों को मकान नहीं मिल पाए हैं।

### 1698 अधूरे मकानों के लिए दोबारा टेंडर

आरडीए ने 1698 अधूरे पड़े मकानों के लिए दोबारा टेंडर निकाला है। इससे पूर्व जिस ठेकेदार को इसका काम सौंपा गया था। उसके द्वारा मकानों को निर्माण कार्य कई महीनों से रोक दिया गया था। इस कारण उसका ठेका निरस्त कर आरडीए ने दोबारा अधूरे मकानों के निर्माण के लिए टेंडर निकाला है।

### 4096 बन चुके, फिर भी कइयों को नहीं मिले

6082 में 4096 मकान कम्प्लीट हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन फिनिशिंग के कारण इनका पजेशन नहीं दिया जा रहा था। अब इनमें से लगभग सभी मकानों की फिनिशिंग का काम पूर्ण हो चुका है, इसके बावजूद अभी भी सैकड़ों मकानों का कब्जा अब तक संबंधित आवेदक को नहीं दिया गया है।

योजना में गलत पैकेज ब्लाक, जवाब भी संतोषपूर्वक नहीं दिया

# नहीं सुधर रहे निजी अस्पताल वाले, नोटिस का जवाब नहीं, 'आयुष्मान' से आधा दर्जन आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में मरीजों के इलाज के नाम पर गड़बड़ी करने से निजी अस्पताल वाले बाज नहीं आ रहे हैं। ज्यादा पैसे की खातिर अलग बीमारी का इलाज और दूसरा पैकेज ब्लाक करने के मामले में आधा दर्जन अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया है। इन अस्पतालों को जुलाई में नोटिस जारी किया गया था, मगर उनकी ओर से संतोषपूर्ण जवाब नहीं दिया गया था।

आयुष्मान योजना में उपचार के नाम पर गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम नकेल कसने में जुटी हुई है। तीन दिन पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया गया था। शुक्रवार को फिर बड़ा एक्शन लेते हुए मामले में राजधानी सहित विभिन्न जिलों में संचालित आधा दर्जन निजी अस्पतालों को स्वास्थ्य योजना से बाहर कर दिया गया। राज्य नोडल एजेंसी को इन अस्पतालों के खिलाफ पूर्व में अधिक राशि वाले पैकेज ब्लॉक करने, ओपीडी के मरीजों को आईपीडी में दिखाने, बिना मरीज के पैकेज ब्लॉक करने, बिना विशेषज्ञ व सुविधा, अनावश्यक आईसीयू के पैकेज ब्लॉक करने, अस्पताल में गंदगी व अतिरिक्त नकद राशि लेने इत्यादि की शिकायत प्राप्त हुई थी।

### इन अस्पतालों पर कार्रवाई

राज्य नोडल एजेंसी ने राजधानी के बढ़ई पारा स्थित सिटी 24 हॉस्पिटल, पटेवा के जय पतई माता हॉस्पिटल, राजनांदगांव स्थित स्व. विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल, महासमुंद के सांई नमन हॉस्पिटल, बालोद के उम्मीद केयर हॉस्पिटल एवं बिलासपुर के वेगस हॉस्पिटल का पंजीयन आयुष्मान योजना से निरस्त कर दिया है। तीन दिन पहले आरंग के बाबूजी केयर हॉस्पिटल एवं डौंडी लोहारा के समता हॉस्पिटल का पंजीयन निरस्त किया गया था और देवपुरी के जय अंबे मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल पर 31 लाख का जुर्माना किया गया था।



अवधपुरी मैदान

# पैरों से बेड़ी जरा खोल...

## हरिभूमि-आईएनएच के गरबा उत्सव का समापन, अंतिम दिन भी उमड़ी भीड़, देर रात तक जमकर थिरके युवा

**रायपुर।** हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित रास गरबा के अंतिम दिन हर कोई मां दुर्गा की भक्ति में लीन रहा। युवाओं ने अवधपुरी मैदान, ग्रैंड इम्पीरिया और ललित महल में जमकर गरबा रास किया, जिसकी गूंज देर रात तक सुनाई देती रही। अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने प्रतिभागी विभिन्न परिधान में पहुंचे हुए थे। युवक-युवतियों से लेकर महिलाएं और बच्चे भी इसका हिस्सा बने। गरबा के हर तरह के स्टेप्स देखने को मिले तो इससे जुड़े सभी भाषा के गीत लोगों की जुबान पर रहे। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी और हरिभूमि महाप्रबंधक अनिल गहलावत भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को सोने-चांदी के आभूषण और ट्राफी का वितरण किया।

### फ्री राउंड में रही अधिक भीड़

शहर में शाम 8 बजे से गरबा शुरू हो चुका था, जो देर रात तक जारी रहा। आयोजन के अंतिम समय फ्री राउंड में सभी डीजे की धुन पर थिरके। देर रात को जैसे ही डीजे बंद हुआ तो, लोग फिर से डीजे शुरू करने की मांग करने लगे, जिसके बाद कुछ मिनट के लिए पुनः डीजे शुरू हुआ और फिर गरबा के गीतों पर झूम उठे। गरबे में युवक, युवतियां अलग-अलग थीम बनाकर पहुंचे थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।















### अलग-अलग कैटेगरी में विजेता को मिले पुरस्कार

गुढ़ियारी के मंगलम भवन में भी गरबा नृत्य करने बड़ी संख्या में युवाओं का समूह पहुंचा हुआ था। पारंपरिक परिधान में यहां युवाओं के साथ महिलाएं गरबा करती नजर आई। समिति के अध्यक्ष विकास सेठिया ने बताया कि फीमेल कैटेगरी में युक्त शर्मा डायमंड रिंग विनर बनीं। इसी तरह दूसरे स्थान पर नैना तथा तीसरे स्थान पर रिहाना रही। इसी तरह किड्स कैटेगरी में प्रथम स्थान आराध्य अग्रवाल और दूसरे स्थान पर प्रांसी रही। मेल कैटेगरी में प्रथम स्थान अमित तथा दूसरे स्थान पर श्रेष्ठ राय रहे। प्रतिभागी डिफरेंट लुक और स्टाइल में गरबा करते नजर आए। निर्णायकों को आकर्षित करने युवक-युवतियां साफे, मुकुट, पारंपरिक पगड़ी और टोपियां पहनकर आए थे। गरबा प्रतिभागी मां दुर्गा अलग-अलग रूपों में पहुंचे थे।

### म्यूजिक की रिदम में चौकड़ी और छकड़ी

रास गरबा में डिफरेंट लुक ने निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। 8 बजे से शुरू हुआ गरबा शुक्रवार रात 1 बजे तक जारी रहा। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे प्रतिभागियों ने गरबा में जमकर उत्साह दिखाया। म्यूजिक की रिदम में चौकड़ी, छकड़ी, तीन ताल और सनेडो समेत अन्य राउंड हुए जिसमें युवाओं ने पूरी ऊर्जा के साथ नृत्य किया। देर रात विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। हरिभूमि के रास गरबा में श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम.., राधा ने श्याम.., ढोलिना ढोल.., चोगाड़ा तारा.., हे नाम रे... जैसे गीतों ने युवाओं ने ऊर्जा बढ़ा दी। इसके अलावा माता के भक्ति गीतों में पारंपरिक गरबा हुआ। इसके अलावा गुजराती गीतों पर गरबा और डांडिया ने रंग जमाया। रास-उल्लास की अंतिम रात में सनेडो, भाई-भाई जैसे गरबा फॉर्म में फ्री स्टाइल की भी धूम मची।



### देर रात तक गरबा में रमे रहे


अष्टमी-नवमी के अवसर पर शहर के चारों ओर देर रात तक गरबा की धुन सुनाई देती रही। समता कॉलोनी, गुढ़ियारी, श्रीनगर व शंकर नगर समेत विभिन्न होटल में बड़ी संख्या में हजारों की संख्या में गरबा खेलने पहुंचे हुए थे। इस दौरान मां दुर्गा के गीतों व गुजराती समेत बॉलीवुड के रिमिक्स गानों पर लोग खूब थिरके। चालो...गरबा रंगमा जाएबे, माड़ी तारा मंदिरया मां घणातारा बाजे..जैसे गानों के साथ देर रात तक गरबा में लोग रमे रहे। गरबा के इन ट्रेंडिंग गानों में युवाओं की एनर्जी देखते ही बनी। अलग-अलग स्टेप में दो से तीन घंटे लगातार गरबा नृत्य किया। विभिन्न परिधान में गरबा आकर्षण का केंद्र बना रहा। महिलाएं व युवतियां गुजराती, राजस्थानी समेत छत्तीसगढ़ पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे रही।







अवधपुरी मैदान





ग्रैंड इम्पीरिया






ग्रैंड इम्पीरिया



इंडियन कल्चर समझने विदेशी टूरिस्ट भी गरबा में शामिल हुए। फ्रांस से रायपुर घुमने आए सैलानियों ने अपने अंदाज में गरबा का आनंद उठाया।


## दुर्गोत्सव 2024


सुंदर नगर चौक


दुर्गोत्सव समिति, आजाद चौक, टेकारी


शिव शारदा महिला समिति सुदामा नगर, टिकरापारा


जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति, वीर शिवाजी चौक, गोदावरी नगर, बोरियाखुर्द


श्रीराम दुर्गोत्सव समिति, संतोषी नगर


कच्छ गुर्जर समाज


चांदनी चौक दुर्गोत्सव समिति, कोटा


आदर्श दुर्गा उत्सव समिति, सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू


जय हिंद नवदुर्गा समिति, अमलीडीह


जानकी नगर दुर्गा उत्सव समिति, बोरियाखुर्द


शाश्ता नगर दुर्गा उत्सव समिति


मां चंडी दुर्गोत्सव समिति, सांकरा, धनेली


श्री जनसंकल्प सेवा समिति, सिद्धार्थ चौक



# शक्ति की स्तुति...

### शुक्रवार को एक साथ मनाई गई अष्टमी व नवमी, मंत्रों और आहुतियों की गूंज

**रायपुर।** शहर के प्राचीन देवी मंदिरों में अष्टमी व नवमी शुक्रवार को मनाया गया। कई मंदिरों में प्रातःकाल हवन-पूजन किया, जबकि कई मंदिरों में दोपहर बाद हवन-पूजन प्रारंभ हुआ। सुबह से देवी मंदिरों में माता के दर्शनमात्र के लिए भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली, जो देर रात तक बनी रही। हवन-पूजन के दौरान भी श्रद्धालु अपनी श्रद्धानुसार आहुति में शामिल होते नजर आए। देर रात देवी मंदिरों में माता की ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। देवी मंदिरों के साथ शहर के देवी पंडालों में भी हवन-पूजन किया गया। देवी मूर्तियों का विसर्जन विजयादशमी के पश्चात किया जाएगा। नवमी के अवसर पर माता का श्रृंगार व कन्या भोग कराया गया। जहां नन्ही कंजकों को आमंत्रित कर देवी स्वरुप पूजा गया।





#### मुंबई के भजन गायक ने दी प्रस्तुति

आकाशवाणी स्थित काली मंदिर में दोपहर 3 बजे हवन-पूजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश कलश ने बताया, नवमी पर हवन के पश्चात भक्तों के लिए भंडारा की व्यवस्था की गई, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भोग तैयार किया गया। नवरात्रि के पावन अवसर पर मुंबई के भजन गायक राजेश मिश्रा मंदिर परिसर में उपस्थित रहे, जिन्होंने माता की भजनों की लगातार 2 घंटे प्रस्तुति दी। देवी भजन सुनने भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ी रही, जो देर रात तक नजर आई। रात्रि 12 बजे के पश्चात ज्योति विसर्जन किया गया। विजयादशमी के अवसर पर देवी मंदिर के सामने रावण दहन किया जाएगा, जिसके लिए तैयारी कर ली गई है।

#### रात्रि 12 बजे माता का अस्त्र-शस्त्र से श्रृंगार

पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया मंदिर में शुक्रवार को अष्टमी व नवमी पूजन किया गया। जिसमें 13 अध्यायों का पाठ किया गया। दोपहर 12:58 मिनट तक 12 अध्याय का पाठ अष्टमी के अवसर पर किया गया। जिसके पश्चात 1 बजे से अंतिम 13 अध्याय का पाठ किया गया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद शर्मा ने बताया, शुक्रवार को ही अष्टमी व नवमी होने के कारण हवन-पूजन व विसर्जन एक ही दिन किया गया। महामाया देवी व समलेश्वरी देवी का भव्य श्रृंगार किया गया। महामाया देवी के लिए 1 किलो का रानी हार व समलेश्वरी देवी के लिए 600 ग्राम सोने से तैयार रानी हार कोलकाता से मंगाया गया। शुक्रवार रात्रि 12 बजे देवियों का भव्य अस्त्र-शस्त्र के साथ श्रृंगार किया गया।



#### दंतेश्वरी मंदिर, शीतला माता और कंकाली पारा में भी सुबह से हवन

कंकाली मंदिर में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से हवन पूजा शुरु की गई। जिसमें भक्तों की कतार देवी माता के दर्शन के लिए देखने को मिला। देर रात 1 बजे ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। दंतेश्वरी मंदिर, शीतला माता मंदिर सहित शहर के अन्य देवी मंदिरों में भी शुक्रवार को ही हवन-पूजन और कन्या भोज कराया गया।

#### फल, भाजी व सब्जियों से आहुति

पं.रविशंकर शुक्ल महाविद्यालय परिसर स्थित बंजारी मंदिर में दुर्गा सप्तशती मंत्रों के साथ आहुति दी गई। सुबह 10 बजे से ही मंत्रों का उच्चारण प्रारंभ किया गया। अंतिम आहुति दोपहर 1 बजे दी गई। मंदिर कमेटी के सदस्य राकेश शुक्ला ने बताया, हवन-पूजन के पश्चात रात्रि 1 बजे विसर्जन किया गया। ज्योत जवारा विसर्जन के लिए मंदिर परिसर में कुंड का निर्माण किया गया। आहुति के दौरान फल, भाजी व विभिन्न प्रकार की सब्जियों को शामिल किया गया था। इस दौरान माता का भव्य श्रृंगार किया गया। रविवि के कुलपति, विभिन्न विभाग के प्रोफेसर व विद्यार्थिगण भी उपस्थित रहे।



#### स्वर्ण और चांदी के आभूषणों से श्रृंगार

रावाभाठा स्थित बंजारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिश भाई जोशी ने बताया, मंदिर में सुबह 8 बजे से ही हवन-पूजन शुरु किया गया। इस दौरान स्वर्ण व चांदी से माता के आभूषणों से माता का श्रृंगार किया गया। शुक्रवार देर रात 12 बजे के पश्चात माता के ज्योति कलश का विसर्जन किया गया।

#### गायत्री शक्तिपीठ में स्वयं शांत होगी ज्योति

समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में हवन-पूजन के पूर्व नौ कन्याओं की पूजा-अर्चना की गई। कन्या भोज के पश्चात सुबह 10 बजे से हवन शुरु किया गया। दोपहर 2 बजे तक नवमी में हवन-पूजन पूर्ण किया गया। प्रसादी का वितरण भक्तों व परिजनों को किया गया। मंदिर परिसर में ज्योति कलश की स्थापना की गई है, जिसका तालाब व कुंड में विसर्जन नहीं किया जाएगा। जो स्वयं ही शांत होती है।

---

**अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी में 158 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

## देशभर के कलाकारों की रचनाएं एक छत के नीचे, रावण के क्रोध सहित कई दृश्य

**रायपुर।** महाकोशल कला परिषद में अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसका विषय विजयादशमी का पर्व रखा गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में डॉ.दिनेश मिश्र शामिल हुए। कला प्रदर्शनी के अवसर पर अखिल भारतीय 158 कलाकारों द्वारा हिस्सा लिया गया, जिन्होंने विजयादशमी से संबंधित 247 रचनाओं की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी में देशभर से विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने श्रीराम, माता सीता, रावण वध, भगवान हनुमान व वानरसेना, राम दरबार पर आधारित कलाएं पेश की। इसमें सभी वर्ग के कलाकार शामिल रहे।



#### *ओडिसा के बीजू पटनायक की भी कलाकृति*

*कला प्रदर्शनी के लिए देशभर से कलाकारों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। कई कलाकारों की रचनाएं चयनित हुईं। जिसमें मध्यप्रदेश आदित्य जैन, आंध्रप्रदेश से पी.ऊषा, कर्नाटक से पांडूरंगाराव, मुज्जफरपुर से विमल विस्वास,अहमदाबाद से अजय तिवारी, कोयम्बटूकर से रवि राज, बेंगलुरू से विदुषिनी प्रसाद एवं दीपक विजय, गोवा से सिद्धांत गायतोन्डे, महाराष्ट्र से समवेद शर्मा, मुंबई से मनीष महानंद, राजस्थान से प्रमोद सोनी सहित ओडिसा के बीजू पटनायक, गुजरात से दवे जलेंदु कुमार, दिल्ली से गोपाल नासकर, केरल से एस.बालासुब्रमणियम की कलाकृतियों का चयन किया गया।*

---

## रायपुरवासी जानेंगे, कैसे तैयार करें गृह उद्यान और किचन गार्डन

**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा वार्षिक उद्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गृह उद्यान और किचन गार्डन तैयार करने के तरीकों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी अध्यक्ष मोहन वाल्यानी और सचिव निर्भय धाडीवाल ने कहा, कार्यशाला में बागवानी के क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ जीवंत प्रदर्शन करेंगे और प्रतिभागियों को गृह उद्यान तैयार करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम खासकर उन लोगों के लिए है, जो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की इच्छा रखते हैं और उद्यानिकी में रुचि रखते हैं। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी भी इसमें हिस्सा लेकर लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करेंगे।

#### सीधे पूछ सकेंगे विशेषज्ञों से सवाल

लैंडस्केपिंग गार्डन विशेष डॉ.अनिल चौहान लोगों को बताएंगे कि लैंडस्केपिंग गार्डनिंग किस तरह से की जा सकती है। इंदिरा गांधी कृषि विवि के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.केपी शर्मा एवं डॉ. जितेंद्र त्रिवेदी प्रश्नोत्तरी सत्र का हिस्सा बनेंगे। नागरिक उद्यानिकी से जुड़े सवाल सीधे उनसे पूछ सकेंगे। इसका आयोजन 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 5:30 बजे तक सैनिक कल्याण बोर्ड हाल, ओल्ड मंत्रालय के बाजू मोती बाग रोड में होगा। यह कार्यक्रम सभी के लिए निशुल्क रखा गया है।

---

## दहन पूर्व रामलीला, कोलकाता के कलाकार करेंगे आतिशबाजी

### सप्रे मैदान दोपहर 12 बजे से पतंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रायपुर।** शहर के दशहरा मैदान में रावण दहन की तैयारी पूरी हो चुकी है। डब्ल्यूआरएस कॉलोनी से लेकर रावणभाठा मैदान, बीटीआई ग्राउंड और शहर की सोसायटियों में तैयारी पूर्ण हो चुकी है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सर्वाधिक भव्य आयोजन डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में होगा।

वहीं छग नगर दशहरा मैदान में इस साल विजयदशमी दशहरा में 45 फिट रावण के साथ 35-35 फिट के कुम्भकरण एवं मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि रावण दहन के पहले अभनपुर क्षेत्र के ग्राम सौनपैरी के रामलीला मंडली द्वारा शाम 5 बजे से रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिसमें रावण वध का रामलीला के कलाकारों द्वारा विस्तृत मंचन होगा। रावण दहन के पश्चात कोलकाता की टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

#### *बीटीआई मैदान में 50 फीट ऊंचा रावण*

*बीटीआई मैदान, शंकर नगर में खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा इस वर्ष 50 फीट ऊंचा रावण पुतला का दहन किया जाएगा। समिति का यह लगातार 76वां वर्ष होगा। मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय तथा विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह जी होंगे। संध्या 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक खम्हारडीह रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। तत्पश्चात आतिशबाजी के साथ शाम 7 बजे रावण पुतला दहन किया जाएगा।*

#### सप्रे मैदान में पतंग उत्सव

विजय के प्रतिक के रूप में दशहरा के अवसर पर राजधानी में पतंग उड़ाने की परंपरा पुरानी है। आज आकाश में रंग-बिरंगी पंतगों से सजेगा। शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी पतंग उत्सव का आयोजन किया गया है, जिसे लेकर शुक्रवार की शाम बाजार में बच्चों व लोगों ने पसंदीदा पतंग खरीदने पहुंचे। बूढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति की ओर से सप्रे मैदान में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें पतंग उड़ाने के शौकीन शामिल हो सकते हैं। समिति का कहना है कि शहर में पंतग की यह परंपरा पीढ़ियों से चलती आ रही है। इसके अलावा शहर में रावणभाठा व साइंस कॉलेज मैदान समेत डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में भी बड़ी संख्या में लोग पतंग उत्सव में शामिल होंगे।

#### नजर आएगी राम दरबार की झांकी

विजयादशमी में उपलक्ष्य पर मंदिर में राम दरबार की झांकी तैयार की जा रही है, जिसमें श्री राम, माता सीता, भक्त हनुमान व लक्ष्मण देखने को मिलेंगे। रावाभाठा स्थित बंजारी मंदिर में यह झांकी भक्तों को देखने मिलेगी। वहीं कंकाली मठ में मान्यता अनुसार विजयादर्शमी में वर्ष में एक बार खोला जाने वाला शास्त्रागार खोला जाएगा। मठ के प्रबंधक ने बताया, विजयादशमी से एक-दो सप्ताह पहले ही साज-सज्जा की तैयारी कर ली जाती है। विजयादशमी को मठ को आम भक्तों के लिए खोला जाएगा। सुबह ब्रम्ह मूहुर्त से श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है, जो देर रात तक देखने को मिलती है।




# धान खरीदी पर सियासत गरमाई, बैज के बयान पर मूणत का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में हर साल होने वाली न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सियासत गरमा रही है। दरअसल इस मामले में सबसे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बयान जारी कर सरकार को घेरने की कोशिश की। अब बैज के बयान के जवाब में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने पलटवार किया है। बैज ने अपने बयान में कहा था कि धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू की जानी चाहिए। धान खरीदी की तारीख अब तक तय न होने से किसान परेशान हैं। इसके जवाब में मूणत का कहना है कि अभी धान पैदा ही नहीं हुआ किसान कहां से परेशान हो रहे हैं

### सियासी आरोप-प्रत्यारोप शुरू

धान खरीदी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान को लेकर सियासत उस समय तेज हुई है जब राजेश मूणत ने उनके बयान पर पलटवार किया है। कांग्रेस की मांग है 1 नवंबर से शुरू हो धान खरीदी शुरू हो। धान खरीदी के लक्ष्य में भी वृद्धि की जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने यह मांग करते हुए कहा है कि अब तक तिथि का ऐलान न होने से किसान चिंतित हैं। राज्य सरकार 1 नवंबर से करें धान खरीदी की शुरुआत करे और धान खरीदी का लक्ष्य 200 लाख मीट्रिक टन तय हो।



### अभी धान ही पैदा नहीं हुआ- मूणत

मामले में भाजपा विधायक राजेश मूणत का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- अभी धान पैदा ही नहीं हुआ, किसान कहां से परेशान हो रहे हैं। धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक हो चुकी है। इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान ख़रीदा जाएगा। सरकार किसानों का एक-एक दाना दाना खरीदने की चिंता कर रही है।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में हर साल होने वाली धान खरीदी को लेकर सियासी दांव पेंच भी साल-दर साल चलते रहते हैं। इस बार विपक्षी कांग्रेस की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मोर्चा खोला है तो सत्ताधारी पार्टी की ओर से विधायक राजेश मूणत उस पर जवाब देते हुए पलटवार कर रहे हैं। मामला ये है कि पिछले सीजन में जब कांग्रेस की सरकार थी तब धान की खरीदी 1 नवंबर से शुरु कर दी गई थी। लेकिन इस बार भाजपा सरकार के कार्यकाल में अब तक तय नहीं हुआ है कि खरीदी कब से शुरु होगी। इस सिलिसले में सरकार के मंत्रियों की मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक भी हो चुकी है। समिति ने धान खरीदी के लिए 15 नवंबर की तारीख सुझाई। लेकिन इस बारे में अंतिम फैसला राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में होना है। माना जा रहा है कि राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय के बाद साफ होगा कि धान खरीदी कब से शुरु होगी। हांलाकि ये तय है कि किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। धान की कीमत समर्थन मूल्य तथा प्रोत्साहन राशि के साथ 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी। इस साल 160 मीट्रिक टन धान खरीदी किए जाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### आरएसएस का आज राजधानी में 14 स्थानों पर पथ संचलन

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राजधानी रायपुर में 14 स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम होगा। राजधानी में अलग-अलग इलाकों में यह कार्यक्रम रखा गया है। सभी नगर की शाखाएं अपने-अपने नगरों में अतिथियों को बुलाकर आयोजन करेंगी। डीडीनगर, महावीर नगर, वीर सावरकर नगर, पुरानी बस्ती नगर सहित 14 नगरों में आयोजन किया जाएगा। आरएसएस द्वारा हर साल दशहरे पर पथ संचलन कार्यक्रम किया जाता है।

### केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा प्रदेश का अधिकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 6070 करोड़ केंद्र ने जो राज्यांश की राशि दी है, वह छत्तीसगढ़ से वसूले गए टैक्स का हिस्सा है।



केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा प्रदेश का अधिकार है, एहसान नहीं। भाजपाई चाटुकारिता में इसे राज्य को उपहार बता रहे हैं। विगत 10 महीनों की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबाया, अमानत बेची, आरबीआई की सिक्योरिटी बेची, उसके बाबजूद पूर्ववर्ती सरकार की दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं बंद की और अब दलीय चाटुकारिता में केंद्रीय करों में राज्य को मिलने वाली हिस्सेदारी को उपहार बताकर भाजपा के नेता छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को अपमानित कर रहे हैं।

### 10 महीनों में ही भाजपा सरकार फेल : शुक्ला

**रायपुर।** राज्यपाल द्वारा छत्तीसगढ़ में इन्वेस्टर मीट के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री को दिए गए प्रपोजल पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के



अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, 10 महीनों में ही भाजपा की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। कार्यक्रम तय करना विधायिका का उत्तरदायित्व है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार यह भी नहीं कर पा रही। जिला स्तर में अधिकारियों की बैठक तक राज्यपाल को लेनी पड़ रही है।

# प्रदेश में भाजपा का एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य

**हर मंडल में 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने का टारगेट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। इस समय सामान्य सदस्यता का दूसरा चरण चल रहा है। इसके बाद 16 से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। इस बार सक्रिय सदस्य बनने की भाजपा के कार्यकर्ताओं में होड़ लग गई है। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उनके लिंक से 50 से ज्यादा सदस्य बन जाए ताकि उनको सक्रिय सदस्य की मान्यता मिल जाए।



हालांकि महज 50 सदस्य बनाने से ही सक्रिय सदस्यता नहीं मिल जाएगी, इसके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी का भी अनुमोदन लगेगा। प्रदेश संगठन ने एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर मंडल से 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश में 405 मंडल हैं। भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। अब तक 37 लाख सदस्य बन गए हैं। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किसी पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।

### सक्रिय सदस्यों को ही मिलता है पद

भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।

### समीक्षा समिति के संयोजक बने संजय

सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति संयोजक संजय श्रीवास्तव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया, आज से 14 अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित होंगी जिसमे प्रदेश के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन व अनुमोदन होगा एवं 5 नवंबर को जिलों द्वारा सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी। समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विकास मरकाम सदस्य बनाए गए हैं। जिला स्तर पर भी इस कार्य हेतु समितियां बनाई गई हैं।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी पर राजभवन में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देश पर शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार की जाएं।



### राष्ट्रपति के तय कार्यक्रम

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग में फर्जी भर्ती, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



**आठ साल पहले 121 अभ्यर्थियों को किया गया था बर्खास्त**

करीब आठ साल पहले अविभाजित रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद में स्वास्थ्य विभाग में हुई फर्जी भर्ती के बर्खास्तगी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पांच समिति का गठन किया गया है। बर्खास्त कर्मचारियों की रिट अपील के आधार पर आए फैसले के विरुद्ध शासन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर पांच सदस्यीय विभागीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। समिति द्वारा संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का मौका देने के लिए 19 अक्टूबर को सीएमएचओ कार्यालय बलौदाबाजार में बैठक रखी गई है। वर्ष 2021 में तीनों जिले में भर्ती स्वास्थ विभाग में वार्ड ब्वॉय सहित विभिन्न पदों पर भर्ती हुई थी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच हुई और वर्ष 2016 में गठित जांच कमेटी की अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति को अवैध मानते हुए 121 लोगों की को शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया था। इस मामले में 20 लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने शासन के आदेश को सही ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ बर्खास्त कर्मचारियों ने रिट याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आदेश जारी किया था, जिसके खिलाफ शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) प्रस्तुत किया गया था। आवेदन का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्तियों की जांच 6 माह में पूरी कर फैसला लेने का निर्देश जारी किया गया था।

# राज्य की पीजी सीट पर एम्स के डाक्टरों को प्रवेश, मंत्रालय स्तर पर चली फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नीट पीजी की काउंसिलिंग के दौरान राज्य कोटे की सीट में एम्स के एमबीबीएस डाक्टरों के एडमिशन के मामले में हस्तक्षेप करने के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल चलने लगी है। शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बुधवार को इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। उन्होंने कहा था कि एम्स के एमबीबीएस डाक्टरों को राज्य कोटे से एडमिशन देने की



वजह से स्थानीय छात्रों का अहित हो रहा है। उन्होंने मांग की थी, एम्स के चिकित्सा छात्रों को ऑल इंडिया कोटे से ही एडमिशन दिया जाए। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों में स्टेट कोटे की सीट पर केवल राज्य द्वारा संचालित किए जाने वाले चिकित्सा छात्रों को प्रवेश का अधिकार दिया जाता है। आने वाले दिनों में होने वाली पीजी की काउंसिलिंग के पहले इस मामले में आदेश जारी किया जाए, ताकि स्थानीय छात्रों का अहित ना हो।

### आम सूचना

**(ग्राम देवपुरी, प.ह.न. 73, वार्ड नं. 51 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, रायपुर नगर निगम सीमा के अंर्तगत रा.नि.मं.-रायपुर-10-डूमरतराई, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित बहुमंजिला इमारत** इम्प्रेसिया ईलाइट में स्थित फ्लैट नम्बर बी-704 क्षेत्रफल 1015 वर्गफुट के संबंध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता आशीष वर्मा, पिता श्री मोहन कुमार वर्मा, निवासी मकान क्रमांक एम.आई.जी.-61, नेहरू नगर, वार्ड नंबर -25, वी.टी.सी. कोरबा (छ.ग.) ने विक्रेता श्री सैयद उमैर, पिता श्री सैयद जहीर, निवासी मकान क्रमांक-16, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्लैट जो कि इम्प्रेसिया ईलाइट नामक बहुमंजिलप ईमारत में स्थित है जिसका फ्लैट क्रमांक बी-704 क्षेत्रफल 1015 वर्गफुट है जो कि ग्राम देवपुरी, प.ह.न. 73, वार्ड नं. 51 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, रायपुर नगर निगम सीमा के अंर्तगत रा.नि.मं. रायपुर-10-डूमरतराई, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नम्बर 295/2-3-13-14-15-16, 296/11 है उक्त फ्लैट को क्रय करने का पक्का सौदा कर मेरे पक्षकार क्रेता ने विक्रेता से कर लिया है व टोकन बयाना की राशि अदा कर विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, केवल मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार अथवा उसके स्वत्व, हित, अंश के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक आदि को यदि कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद-म्याद प्रस्तुत आपत्ति मेरे पक्षकार के उक्त संव्यवहार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उक्त इकरारशुदा संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवाने हेतु स्वतंत्र होगा।

**सो सूचना जाने ।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः 11.10.2024

**संत राज, अधिवक्ता**
**पता- लोधीपारा, मोवा रायपुर**
**तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 98268 98271**

### आम सूचना

(मौजा-मोवा, दुबे कॉलोनी रायपुर प.ह.न. 00045 रा.नि.मं. रायपुर-7 मोवा तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.), डॉ भीम राव अंबेडकर वार्ड नं. 09 स्थित खसरा नं. 211/8 रकबा 750 वर्गफुट, 211/39 रकबा 750 वर्गफुट परिवर्तित भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री नितिन अग्रवाल पिता- श्री सुशील अग्रवाल एवं श्री सुशील अग्रवाल पिता- श्री जे.एन. अग्रवाल निवासी-नवीन मार्केट के पास, विट्ठल मंदिर के पीछे, रायपुर (छ.ग.) से मौजा- मोवा, दुबे कॉलोनी रायपुर प.ह.न. 00045 रा.नि.मं. रायपुर-7 मोवा तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) डॉ भीम राव अंबेडकर वार्ड नं. 09 स्थित श्री नितिन अग्रवाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खसरा नं. 211/8 रकबा 750 वर्गफुट श्री सुशील अग्रवाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खसरा नं. 211/39 रकबा 750 वर्गफुट परिवर्तित भूमि को क्रय करने का लिखित अनुबंध कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया है इस संव्यवहार पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, बैंक हित, स्वत्व, अधिकार स्थापित है अथवा किसी प्रकार की आपत्ति है वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार ऊपर वर्णित संपत्ति का विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन तथा नामांतरण अपने पक्ष में करा लेगा तत्पश्चात दावा आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने

**भवदीय**
**अजय शर्मा (अधिवक्ता)**
**यू - 42 ग्रिंडले विहार के पास दुबे कालोनी मोवा रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827167480, 9479200033**































## सत्यापन के लिए नहीं आ रहे फार्मासिस्ट

**रायपुर।** ऑफलाइन मोड में जमा आवेदनों के निराकरण के लिए दस्तावेज सत्यापन कराने फार्मासिस्ट फार्मेसी कार्यालय नहीं आ रहे हैं। रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि 30 सितंबर को इसकी सूचना प्रसारित की गई थी, फिर भी कई आवेदकों द्वारा यहां उपस्थित होकर पंजीयन क्रमांक प्राप्त नहीं किया गया है।

## निधन

### राजेश्वरी शर्मा



**रायपुर।** डीडीनगर निवासी राजेश्वरी शर्मा (58) का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट श्मशानघाट में किया गया। वे अनिल शर्मा की पत्नी, संज्ञा की माता एवं महेश दुबे की पुत्री थीं।

### मारुत शुक्ला

**रायपुर।** भिलाई के सेक्टर- 2, स्ट्रीट नंबर-7 निवासी मारुत शुक्ला (33) का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर श्मशानघाट में किया गया। वे भूपेंद्र शुक्ला (भूरका वाले) के पुत्र एवं शैलेश शुक्ला, रवि शुक्ला के भतीजे थे।

### देशभर में सवा नौ फीसदी, लेकिन प्रदेश में 6 फीसदी ही घटी बिक्री

# वाहन बिक्री की रफ्तार पर सितंबर में लगा ब्रेक, अब त्योहारी सीजन में फिर होगा बूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश भर में बीते माह एक तरफ जहां गणेशोत्सव के कारण 11 दिनों तक वाहनों की बिक्री अच्छी रही, वहीं पितृपक्ष के कारण बिक्री की रफ्तार पर ब्रेक भी लगा जिसके कारण देश भर में बीते साल से इस साल सितंबर में सवा नौ फीसदी वाहन कम बिके। लेकिन छत्तीसगढ़ में यह प्रतिशत महज छह रहा। यही नहीं ट्रकों की बिक्री बीते साल से 92 फीसदी ज्यादा हो गई। अब त्योहारी सीजन में नवरात्रि से फिर से बूम आ गया है। अब दीपावली तक वाहनों की अच्छी बिक्री होगी। प्रदेश में ढाई हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान अक्टूबर माह का है।

देश भर में बीते दो माह से वाहनों की बिक्री की रफ्तार कम हो गई है। इस सत्र में अप्रैल से लेकर जुलाई तक वाहनों की बिक्री अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी टॉप गियर में रही है। लेकिन अगस्त और सितंबर में इसकी रफ्तार धीमी हो गई। जुलाई में जहां प्रदेश में 55462 वाहन बिके थे, वहीं अगस्त में दस हजार वाहन कम बिके और आंकड़ा 46847 हो गया। इसके बाद सितंबर में यह आंकड़ा और गिरकर सात हजार कम हो गया। सितंबर में 39021 वाहन ही बिके।



### मंदी के बाद भी ट्रकों की रिकॉर्ड बिक्री

सितंबर का माह देश भर में आटोमोबाइल सेक्टर में मंदी का रहा है। अपने राज्य में भी कम वाहन बिके हैं, लेकिन इसके बाद भी ट्रकों में रिकॉर्डतोड़ बिक्री हुई है। जहां बीते साल सितंबर में 1705 ट्रक बिके थे, वहीं इस साल इसी माह 3274 ट्रक बिके। अन्य वाहनों की बात करें तो दोपहिया वाहन इस बार सितंबर में 29034 बिके, जबकि बीते साल ये 30922 बिके थे। चार पहिया वाहन इस बार 2080 बिके, बीते साल ये 2696 बिके थे। कमर्शियल वाहनों में तीन पहिया वाहन इस बार 1032 बिके जो बीते साल 1121 बिके थे। इसी तरह से प्राइवेट व्हीकल इस बार 3601 बिके जो बीते सात 5106 बिके थे।

### त्योहारी सीजन में लौटी रफ्तार

त्योहारी सीजन में नवरात्रि से वाहनों की बिक्री की रफ्तार वापस लौट आई है। त्योहारों में सबसे ज्यादा बाइक ही बिक्री होती है। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है। इसकी कीमत ही करीब आठ सौ करोड़ हो जाएगी। आटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक 20 हजार कारें भी बिकेंगी। इसी के साथ कामर्शियल वाहन भी बिकेंगे। सभी को मिलाकर करीब ढाई हजार करोड़ का कारोबार हो जाएगा।

### चावल-शक्कर और...

ही राशि। विभाग ने अब इस मामले में संचालक के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राजातालाब स्थित जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान जिसकी आईडी 441001080 है, में विभागीय टीम ने निरीक्षण किया था। इस दौरान दुकान को आबंटित किए गए चावल में 1728.76 क्विंटल, शक्कर में 8.38 क्विंटल तथा 13.26 क्विंटल नमक गायब पाया गया था। इस जांच के दौरान दुकान में स्टार रजिस्टर, स्टॉक बोर्ड के साथ पात्रता संबंधित सूची चस्पा होना नहीं पाया गया था। जांच के बाद दुकान के संचालक राकेश मिश्रा एवं विक्रेता फरजाना खान को गायब खाद्यान्न की रिकवरी के लिए 3 बार नोटिस जारी किया जा चुका है। इन नोटिसों के बाद भी संचालक द्वारा गड़बड़ी का खाद्यान्न नहीं लौटाया गया।

### गबन कर संचालित...

द्वारा भरा जाता था। 22 दिसंबर 2022 को विक्रेता फरजान खान द्वारा बनाये गये वाट्सअप ग्रुप में संस्था के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा की मृत्यु कोरोना से होने सबंधी जानकारी के साथ संस्था में कोई जिम्मेदार व्यक्ति का ना होने का कारण बताते हुये दुकान से त्याग पत्र प्रस्तुत्त किया गया है, लेकिन अध्यक्ष की मृत्यु संबंधी कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया गया था। दुकान के बोर्ड पर भी राकेश मिश्रा का नंबर ही अंकित है। इस तरह राकेश मिश्रा द्वारा अध्यक्ष की मृत्यु संबधी जानकारी एवं दस्तावेज छिपाकर दुकान में गबन संबंधी पडयंत्र भी किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### सिलेबस अपलोड नहीं...

हुए आवेदन किए जाते हैं। लेकिन रविवि ने कुछ दिनों पूर्व ही पीएचडी के लिए सिलेबस अपलोड किए हैं। परीक्षाओं से संबंधित अन्य तैयारियां भी नहीं हो पाई हैं। इसलिए अंततः रविवि ने प्रवेश परीक्षा के लिए तारीख ही बढ़ा दी है। पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक, 14 अक्टूबर तक का समय आवेदन के लिए दिया गया था। अब 28 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। रिसर्च सेंटर को पूर्व में 18 अक्टूबर तक छात्रों के आवेदन भेजने थे, लेकिन अब 28 अक्टूबर के बाद जानकारी भेजनी होगी। गौरतलब है कि रविवि द्वारा पीएचडी के लिए आवेदन ऑफलाइन मोड में ही लिए जाते रहे हैं। इस बार भी ऑफलाइन मोड में आवेदन देने होंगे।

### बदला गया है...

नतीजे तैयार किए जाएंगे। रविवि 35 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसमें हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत जैसे भाषा संबंधित विषयों के साथ ही मनोविज्ञान, गणित, भौतिकशास्त्र जैसे विभिन्न संकायों के विषय भी शामिल हैं।

### छह साल पुराना...

इधर आरडीए के अधिकारियों का कहना है कि फिनिशिंग हो चुके मकानों का पजेशन देने का काम शुरू कर दिया गया है। अभी तक कई लोगों को कब्जा दिया जा चुका है। जो मकान अधूरे हैं, उसके लिए दोबारा टेंडर निकाला गया है। आगामी कुछ महीनों में इन मकानों का निर्माण भी पूरा कर लिया जाएगा।

आरडीए वसूलता है जुर्माना, इसलिए लोग भी मांग रहे हर्जाना

कुछ हितग्राहियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आरडीए को किस्त की राशि भुगतान करने में देर होती है तो जुर्माना वसूला जाता है। ऐसे में आरडीए को भी बुकिंग कराने वालों को हर्जाना देना चाहिए। लोगों का कहना है कि शर्त के अनुसार 3 साल में मकान का पजेशन देना था, लेकिन 6 साल बीत चुके हैं। ऐसे में लोगों को 3 साल का हर्जाना मिलना चाहिए।

कई लोग पूरी राशि कर चुके हैं जमा -मकान की बुकिंग कराने वाले कई लोगों ने पूरी राशि आरडीए में जमा करा दी है। इसके बाद भी उन्हें मकान का पजेशन नहीं मिल पाया है।

## बिजनेस साइट


## विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने नेक्सा शोरूम के दो वर्ष पूरे किए



**रायपुर।** मारुति सुजुकी के अधिकृत डीलर, विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने विधानसभा रोड स्थित अपने नेक्सा शोरूम के दो वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए सम्मानित किया गया, विशेषकर उन सदस्यों को, जो शोरूम की शुरुआत से जुड़े रहे हैं। इस शोरूम का उद्घाटन 2 अक्टूबर 2022 को हुआ था, जो शांति सरोवर ब्रह्माकुमारी के पास स्थित है। यहां ग्राहक मारुति सुजुकी की सभी प्रीमियम गाड़ियों का अनुभव कर सकते हैं। उत्सव के दौरान ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच एकजुटता और उत्साह का माहौल था, जो शोरूम की सफलता का प्रतीक है।

## धनश्री ज्वेलर्स की 34वीं वर्षगांठ ब्राइडल ज्वेलरी का नया कलेक्शन

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित धनश्री ज्वेलर्स इस वर्ष विजयदशमी पर्व पर अपनी 34वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। वर्ष 1991 में स्थापित यह प्रतिष्ठान आभूषण खरीदारों को निरंतर सेवाएं प्रदान करता आ रहा है। यहां न केवल छत्तीसगढ़ से, बल्कि अन्य राज्यों से भी ग्राहक खरीदारी के लिए आते हैं। संस्थान के संचालक ओमप्रकाश सोनी और योगेश सोनी ने बताया कि धनश्री ज्वेलर्स शुद्धता, प्रतिबद्धता और विश्वास के साथ अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। ग्राहक यहां अपनी पसंद की डिजाइन की ज्वेलरी उच्च गुणवत्ता के साथ प्राप्त करते हैं और एक पारिवारिक वातावरण का अनुभव करते हैं। त्योहारों और वैवाहिक सीजन को देखते हुए



धनश्री ज्वेलर्स ने ब्राइडल ज्वेलरी का लेटेस्ट कलेक्शन पेश किया है, जिसमें हर अवसर के लिए विविधता उपलब्ध है। यहां ग्राहक अपनी मनचाही डिजाइन के साथ-साथ उत्तम सेवा का भी अनुभव करते हैं।

## छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी के अंतिम दो दिन शेष




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन सिंधु पैलेस बीटीआई ग्राउंड के सामने शंकर नगर में किया जा रहा है, जिसके अंतिम दो दिन शेष हैं। प्रदर्शनी में ग्राहक खादी वस्त्रों की खरीदी पर 20-25 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं। प्रदर्शनी में कोसा और कॉटन क्षेत्र के कुशल बुनकरों तथा शिल्पियों द्वारा निर्मित कोसा साड़ी, ड्रेस मटेरियल, चादर, बेडशीट, लुंगी, टॉवेल, रूमाल, गमछा के साथ-साथ हस्तशिल्प और माटीकला की विविध कलाकृतियां भी उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी में प्राकृतिक कोसा फल का धागाकरण, करघे पर वस्त्र बुनाई और माटीशिल्प की विभिन्न उत्पादों का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक है। पार्किंग और प्रवेश पूर्णतः निशुल्क है। उपरोक्त जानकारी प्रदर्शनी के विभागीय अधिकारी एमएम जोशी ने दी।



## खबर संक्षेप

### हनुमानगढ़ी मंदिर में आज मारुति हवन, भोग भंडारा



**रायपुर।** दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर पचपेड़ीनाका में मंदिर के स्थापना दिवस पर शनिवार को मारुति हवन सुबह 8 बजे से एवं महाभोग 12 बजे, भंडारा दोपहर 1 बजे से आयोजित है। संस्थापक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने बताया कि दशहरे के शुभ अवसर पर महाभंडारा में श्रद्धालु भोग प्रसाद प्राप्त करने बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे।

### ग्राम मटिया में अष्टमी पर किया हवन-पूजन



**रायपुर।** अष्टमी पर पारंपरिक तौर पर हवन का आयोजन किया गया। रायपुर और आसपास गांवों में जगह-जगह हवन कार्यक्रम किए गए। रायपुर से लगे ग्राम मटिया के रहवासियों ने हवन किया और माता से सर्वकल्याण की कामना की। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा ग्रामीणों ने मौजूद रहे।

### सुंदर नगर में 50 फीट का रावण, आज करेंगे दहन



**रायपुर।** सुंदर नगर कॉलोनी सांस्कृतिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा मैदान ओम सोसायटी में तीसरे वर्ष 50 फीट के रावण का दहन किया जाएगा, साथ ही एक घण्टे तक आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन भी होगा। दशहरा उत्सव समिति के प्रमुख, पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि लाखेनगर, सुंदर नगर, डगनिया, चंगोराभाठा, रायपुरा, डीडीनगर क्षेत्र की जनता सुंदर नगर कॉलोनी के दशहरा मैदान में रावण दहन देखने बड़ी संख्या में पहुंचती है। शनिवार को शाम 5 बजे दशहरा उत्सव प्रारंभ होगा। पार्षद श्री दुबे ने शुक्रवार शाम दशहरा मैदान में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया और नागरिकों से अपील की कि वे शाम 5 बजे सुंदर नगर कॉलोनी के दशहरा मैदान में रावण दहन कार्यक्रम देखने अवश्य पहुंचें।

### प्रेस क्लब में कल पत्रकार- परिवार के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** प्रेस क्लब में रविवार को पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित है, जहां ईको, इसीजी एवं अन्य जांच निशुल्क की जाएगी। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें अचानक ही हार्ट अटैक से जान चली गई है। कुछेक पत्रकार भी इसके शिकार हुए हैं। इस वजह से शरीर और खासकर हृदय का ध्यान रखना आवश्यक है। शिविर में दांतों एवं आंखों की जांच भी की जाएगी।

# सरकारी कर्मियों से चुनावी वादा निभाने की पहल, कमेटी की पहली बैठक 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने राज्य के सरकारी कर्मियों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के शासकीय कर्मियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए 100 दिनों के भीतर एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी बनने के बाद अब इसकी पहली बैठक 15 अक्टूबर को रखी गई है।

हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि कर्मियों की किन समस्याओं, मांगों पर कमेटी विचार करेगी। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि इस बैठक का कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है।

## कर्मचारी नेताओं का कहना- कमेटी की बैठक में कोई एजेंडा नहीं

### सात महीने पहले बनी थी कमेटी

भाजपा सरकार ने अपने वादे के मुताबिक सरकार के कार्यकाल के सौ दिन होने पर मार्च में कमेटी का गठन कर दिया था। इस कमेटी की अध्यक्ष प्रमुख सचिव निहारिका बारिक हैं। कमेटी में प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा के सचिव को शामिल किया गया है।




### इन संगठनों को बुलावा

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इस बैठक में प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधियों को बुलाया है। यह बैठक 15 तारीख को मंत्रालय में दोपहर 3 बजे से रखी गई है।

### मांगें और समस्याएं हैं कई

हालांकि निहारिका बारिक कमेटी की बैठक के लिए कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि किन मुद्दों पर बैठक होगी, ये साफ नहीं है। हालांकि दूसरी ओर देखा जाए, तो राज्य के शासकीय कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग अपनी कई मांगों को लेकर आंदोलित है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की मांग है कि शासकीय कर्मियों को चार प्रतिशत डीए दिया जाए। इसके साथ ही 2019 से लेकर अब तक डीए का एरियर्स दिया जाए। इसके साथ ही 300 दिनों का अर्जित अवकाश नगदीकरण और चार स्तरीय समयमान वेतन तथा केंद्र के समान गृहभाड़ा की मांग प्रमुख है। इन मांगों को लेकर आंदोलित कर्मचारी पिछले दिनों एक दिन के लिए कलमबंद हड़ताल कर सभी सरकारी दफ्तरों का कामकाज एक दिन के लिए बंद कर चुके है। अब फेडरेशन 20 अक्टूबर को फिर एक बैठक करके क्रमबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार करने वाला है। इसी तरह विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की अलग-अलग मांगें व समस्याएं हैं।

# मेडिकल और डेंटल के पीजी डाक्टर देंगे शपथपत्र नहीं करते प्रायवेट प्रेक्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी अस्पतालों में पदस्थ होने के बाद निजी अस्पतालों में सेवा देने का मोह नहीं छोड़ पाने वाले डाक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सख्त कदम उठा रहा है। डाक्टरों के बाद सरकारी मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों से पाठ्यक्रम अवधि के दौरान प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करने का शपथपत्र मांगा है। उन पर निगाह रखने की जिम्मेदारी डीन और विभागाध्यक्ष को दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सरकारी अस्पताल की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सख्त रवैया अपना रहे हैं। उनके द्वारा निजी अस्पतालों में जाकर सेवा देने वाले डाक्टरों पर लगाम कसने के विभिन्न कदम उठाए गए हैं। हाल ही में नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों और भत्ता छोड़कर प्राइवेट अस्पताल में सेवा देने वाले डाक्टरों की मेडिकल कालेज स्तर पर सूची जारी की गई है। पिछले दिनों मेडिकल के साथ डेंटल कालेज में पीजी की पढ़ाई करने वाले छात्रों को निजी अस्पतालों से दूर रखने के लिए सख्ती दिखाई गई है। उन्हें अपना समय पढ़ाई पर फोकस करने निर्देशित करते हुए इस संबंध में शपथपत्र देने कहा गया है कि वे पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस अथवा अन्य अस्पतालों नौकरी नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश नियम एवं विवरणिका 2021 अनुसार इसे प्रतिबंधित किया गया है। आदेश के अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें।



■ सरकारी डाक्टरों के निजी अस्पताल के मोह पर सख्त हुआ विभाग

## स्वच्छता में जनभागीदारी बढ़ाने रेलवे कर रहा स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल की पहल

# रेलवे स्टेशनों पर अब स्वच्छता चौपाल, अफसरों को देंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेशनों में स्वच्छता को लेकर रेलवे बोर्ड, लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में अब रेलवे देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने जा रहा है, इसमें समावेशिता व 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों मंथन किया जाएगा। इसे लेकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी महाप्रबंधकों व मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया। विशेष अभियान 4.0 के तहत छोटे और बड़े देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल से जोड़ा जाएगा। चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिए जाएगा, जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके।

हरिभूमि सरोकार

रेलवे का कहना है कि रेल चौपाल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी, जो यात्रियों को सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करेगी। यह सामुदायिक संवाद का एक मंच प्रदान करता है, जहां यात्री अपनी समस्याएं तथा सुझाव सीधे रेलवे अधिकारियों से साझा कर सकते हैं। इससे समस्या समाधान की प्रक्रिया को भी त्वरित बनाने में मदद मिलेगी।

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ सतीश कुमार ने देश के सभी मंडल और जोन को दिए निर्देश

### अभियान का दूसरा चरण 31 से

विशेष अभियान 4.0 का दूसरा चरण 2 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता है, जिसके तहत यात्रियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें साफ-सफाई, रेलवे सुरक्षा एवं रेलवे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, यात्रियों व स्थानीय जनता से संबंधित सुविधाओं, समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर भारतीय रेल उनमें सुधार की ओर अग्रसर होगा।इसके तहत सभी नोडल अधिकारियों एवं रेलवे अधिकारियों को विशेष अभियान 4.0 की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल के बेहतरीन प्रदर्शन व उच्च मानक को स्थापित करना है।

### ग्राम पंचायत व शहरी निकाय के प्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा




### समय और लागत दोनों में कमी आएगी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है। इस विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत दक्षता को बढ़ाते हुए संचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे समय व लागत दोनों में कमी आएगी। डेटा प्रबंधन में सुधार के साथ, डेटा संग्रह, विश्लेषण और भंडारण की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से जानकारी और सेवाओं की सुलभता बढ़ाई जा रही है, जो नवाचार नए व्यावसायिक मॉडलों एवं सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके अतिरिक्त ऑटोमेशन से विभिन्न कार्यों में तेजी व कुशलता लाने में मदद मिलेगी।

# नक्सली विस्फोट में गंवा चुके थे पैर, सरकार ने लौटाई चलने की ताकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नक्सलियों द्वारा बिछाए गए बारूदी जाल में फंसकर पैर गंवा चुके आधा दर्जन ग्रामीणों को कृत्रिम पैर लगवाकर सरकार ने चलने की ताकत वापस दिलाई। माना के रिहैबिलिटेशन सेंटर में कृत्रिम पैर से चलने की ट्रेनिंग लेकर बस्तर के आधा दर्जन ग्रामीण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलने उनके निवास पहुंचे।

■ कृत्रिम पैर लगाकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलने पहुंचे पीड़ित

बस्तर क्षेत्र के 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर सितंबर में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वापसी पर उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात कर हौसला बढ़ाने के साथ और आईईडी ब्लास्ट में पैर गंवाने वालों को कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से पहले चरण में कृत्रिम पैर लगाने के लिए बस्तर से 9 नक्सल पीड़ितों का आना तय हुआ था, किंतु व्यक्तिगत कारणों से 3 नहीं पहुंच पाए। बीजापुर के गुड्डू लेकाम, अवलम मारा, सोमली खत्री, खैरकम जोगा, राजाराम तथा सुकमा के सुक्की मड़कम को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए गए। अपने पैरों से खुद चलने के काबिल होने के बाद वे उपमुख्यमंत्री के निवास पहुंचे और अपनी भावना व्यक्त की।

# शहर में बढ़ा गांजा का कारोबार महिला सहित 3 गिरफ्तार

■ आरोपियों के कब्जे से 6 किलो 266 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गांजा का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से प्रतिबंधित गांजा की खेप चोरी छिपे रायपुर सहित कई जिलों में लाकर खपाई जा रही है।

इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इससे जुड़े लोगों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। इसके बाद भी इसका कारोबार थम नहीं पा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को शहर के अलग-अलग इलाके से एक महिला सहित तीन लोगों को 6 किलो 266 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।



***महिला से 2 किलो 166 ग्राम गांजा बरामद :*** *एक मामले में गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को डीकेएस अस्पताल के पीछे पार्किंग के पास एक काला थैला लेकर खड़ी महिला को हिरासत में लेकर जब उसके थैला की तलाशी ली, तो उसमें गांजा भरा हुआ था। थैले में 2 किलो 166 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत 24 हजार रुपए बताई गई है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम आबेदा बी पति सैयद साहिद बताया। वह लाखे नगर मैदान के पास आश्रम रोडका के पास रहती है। पूछताछ में महिला ने यह भी बताया कि वह गांजा बेचने के लिए वहां ग्राहक तलाश कर रही थी।*

### तेलीबांधा क्षेत्र में 2 व्यक्ति से 4 किलो 100 ग्राम जब्त

तेलीबांधा पुलिस ने लभांडी स्थित आबकारी कार्यालय के पास दिलीप निषाद 33 वर्ष निवासी लभांडी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी प्रकार राम यादव उर्फ बाबा 47 वर्ष निवासी श्यामनगर दुर्गा मंदिर के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस तरह दोनों आरोपियों के कब्जे से जब्त गांजा की कीमत 41 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411




# चार नए शासकीय मेडिकल कालेज बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ निर्माण एजेंसी तय करने ई-टेंडर जारी

राज्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाक्टर तैयार करने और चिकित्सा सुविधा का विस्तार करने चार जिलों में मेडिकल कालेज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में नया कालेज भवन बनाने के लिए 1012 करोड़ का प्रावधान किया गया है। काम शुरू करने निर्माण एजेंसी तय करने के लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया गया है। अभी प्रदेश में दस शासकीय मेडिकल कालेज में चिकित्सा की पढ़ाई हो रही है। आने वाले दिनों में इसकी संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा चिकित्सक तैयार हो सकेंगे। इसके साथ ही दूरवर्ती जिलों में रहने वालों को बीमारी के इलाज के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। इन जिलों में रहने वालों को अपने क्षेत्र में चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध मिलेगी। इन जिलों में कालेज भवन तैयार करने के लिए स्थानीय प्रशासन की मदद से जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया था और उसके नाम ट्रांसफर की काम भी पूरा कर लिया गया था।




### चौबे कॉलोनी में मूणत के मुख्य आतिथ्य में आज रावण दहन

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी ट्रस्ट द्वारा दशहरा मैदान चौबे कॉलोनी में रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को दशहरा उत्सव के दौरान भव्य आतिशबाजी एवं रावण दहन का किया जाएगा। कार्यक्रम शनिवार को शाम 6.30 बजे से शुरू होगा।

